Title: Need to construct more Dams and Interlink Rivers in the Country - laid

श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़): आने वाले समय में दुनिया के साथ-साथ हमारे देश में भी पानी की भारी किल्लत होने वाली है । पानी बचाने के लिए अभी तक हमारे देश में काफी कम संसाधन हैं । भारत सरकार पानी को बचाने पर पूरा जोर दे रही है, लेकिन नदियों को आपसे जोड़ने का काम बहुत धीमी गति से चल रहा है । रेणुका, किसाऊ, लखवार बांधों के बनाए जाने से हिमाचल से लेकर हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, गुजरात, और महाराष्ट्र तक पानी पहुँचना है तो इसके लिए बांधों को तेजी से बनाने की जरूरत है । इसके लिए राज्यों व केंद्र सरकार का दो बांधों के लिए MOU भी हो चुके हैं, लेकिन तीसरे बांध का कार्य अभी पेंडिंग है । निवेदन है कि इन प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा किया जाए । शारदा-यमुना नदियों को जोड़ने की घोषणा भी काफी पहले ही हो चुकी है लेकिन यह भी अभी तक अधूरा है । बारिश के कारण पूरे देश में बाढ़ की स्थिति बन जाती है, जिससे बहुत नुकसान होता है । हाल ही में हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, और दिल्ली में बाढ़ देखी गई है । अरबों रुपये का नुकसान हुआ है । अगर देश भर की नदियों को एक दूसरे से जोड़ा जाए, तो बाढ़ की स्थिति को बहुत हद तक रोका जा सकता है । इसलिए नदियों को जोड़ने का काम जल्दी से किया जाना चाहिए ।